प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः शि0नि0(बे0)/ 58988-59274/2024–25, दिनांकः 01-03-2025

विषयः– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्यालय के पत्रांक शि0नि0(बे0)/58617–865/2024–25 दिनांक 27.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन एवं प्रगति पत्र (रिपार्ट कार्ड) के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिये गये है।

बिन्दु संख्या 16 में आंशिक संशोधन करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 29.03.2025 को छात्र–छात्राओं को कक्षोन्नति प्रदान करते हुए शिक्षक अभिभावक की बैठक माह अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आयोजित कर मूल्यांकन के आधार पर तैयार प्रगति पत्र (रिपार्ट कार्ड) छात्र–छात्राओं की अधिगम सम्प्राप्ति से उनके अभिभावक को अवगत कराते हुए प्रदान कराया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार अग्रतर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रताप सिंह बघेल)
01.03.2025
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0सं0: शि0नि0(बे0)/ 58988-59274/2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग–3/5, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
5. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), उत्तर प्रदेश।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

(प्रताप सिंह बघेल)
01.03.2025
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।